भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय द्वारा पंजीकृत संख्या UTTHIN/2015/66525

E-mail: amarujiyara@gmail.com

# अमर उजियारा

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष–7 अंक–12 सोमवार, 12 जुलाई 2021 हल्द्वानी (नैनीताल) मूल्य 5/– रुपया पृष्ठ 8

## मुख्यमंत्री धामी ने की प्रधानमंत्री मोदी से शिष्टाचार भेंट

**⏭उत्तराखण्ड के विकास में केन्द्र सरकार के सहयोग पर पीएम का आभार व्यक्त**
**⏭राज्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं के संबंध में प्रधानमंत्री को अवगत कराया।**
**⏭निर्धारित 15 मिनिट से अधिक एक घंटे 15 मिनिट हुई वार्ता।**



**अमर उजियारा संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से शिष्टाचार भेंट की। उत्तराखण्ड के सीएम पद की शपथ के बाद प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट करने आए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड राज्य के विकास में केन्द्र सरकार के सहयोग पर प्रधानमन्त्री जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड तीव्र गति से विकास पथ पर आगे बढ रहा है। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री बनने पर श्री धामी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि युवा नेतृत्व में राज्य का तेजी से चहुँमुखी विकास होगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी को राज्य से संबंधित ज्वलंत मुद्दों के बारे मे बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री जी को कोविड की सम्भावित तीसरी लहर को देखते हुए राज्य सरकार की तैयारियों के बारे में अवगत कराया। साथ ही चारधाम यात्रा, कांवङ यात्रा पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री से मुख्यमंत्री की वार्ता निर्धारित 15 मिनिट से अधिक 1 घंटा 15 मिनिट तक चली। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री केदारनाथ धाम में कुल 108 करोङ 78 लाख रूपये की लागत से द्वितीय चरण के निर्माण / पुनर्निर्माण कार्य आरम्भ किए जाने हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से श्री केदारनाथ धाम में द्वितीय चरण के निर्माण / पुनर्निर्माण कार्यों के शिलान्यास/वर्चुअल शिलान्यास के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र के सहयोग से राज्य में हेल्थ सेक्टर में सुधार के लिये अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। एम्स ऋषिकेश उत्तराखण्ड को केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण देन है। कोविड महामारी से लङाई में इसकी बङी भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए कुमायूं मण्डल में भी इसी प्रकार के एक एम्स की स्थापना का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसके लिए भूमि उपलब्ध कराएगी। कुमायूं में एम्स की स्थापना से विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं से क्षेत्र की जनता लाभान्वित हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय महत्व की लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के लिये आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की स्वीकृति प्रदान करवाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 300 मेगावाट की लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना से यमुना नदी में जल उपलब्धता बढ़ेगी एवं छः राज्य उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखण्ड एवं हिमाचल प्रदेश लाभान्वित होंगे। इस परियोजना को समस्त स्वीकृतियाँ प्राप्त है एवं भारत सरकार के आर्थिक मामलों की कैबीनेट समिति की स्वीकृति प्राप्त होना शेष है, जिसके उपरान्त परियोजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा सकता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड देश के अग्रणी राज्यों में स्थान बना रहा है। निर्धारित समय से एक घंटा अधिक समय दिये जाने पर आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्तराखण्ड की जनता के प्रति प्रधनमन्त्री जी के लगाव एवं चिंतन का परिचायक है।

## सीएम पुष्कर धामी ने की केंद्रीय मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय हरदीप सिंह पुरी से भेंट



देहरादून। स्वच्छ भारत मिशन–2 के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन परियोजनाओं के लिए उत्तराखण्ड राज्य के बजट आवंटन को 89 करोड़ रूपये से बढ़ाते हुए 150 करोड़ रूपये करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय श्री हरदीप सिंह पुरी जी से भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्य के 07 नगर निकायों के 08 लीगैसी वेस्ट / पुराने डम्प साईट के प्रसंस्करण और निस्तारण योजनाओं के लिये अवशेष केन्द्रांश की धनराशि अवमुक्त करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से स्वच्छ भारत मिशन–2 के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन परियोजनाओं हेतु उत्तराखण्ड राज्य के बजट आवंटन को 89 करोड़ रूपये से बढ़ाते हुए 150 करोड रूपये करने का अनुरोध किया ताकि ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अंतर्गत उक्त योजनाओं का शीघ्र कियान्वयन किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन एवं सहयोग से उत्तराखण्ड सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को गंभीरता से पूर्ण किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के 07 नगर निगमों के 08 लीगैसी वेस्ट/पुराने डम्प साईट के प्रसंस्करण एवं निस्तारण की डी0पी0आर0 कुल योजना लागत रू0 126.53 करोड़, एस0एच0पी0सी0 (स्टेट हाई पॉवर कमेटी) से अनुमोदित कराकर स्वीकृति के लिये भारत सरकार को प्रेषित की गई है।

## सीएम धामी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट की

**⏭नीति घाटी और नेलोंग घाटी को इनर लाईन प्रतिबंध से हटाने का किया अनुरोध**
**⏭02 एयर एंबुलेन्स, गैरसैण में आपदा प्रबन्धन शोध संस्थान की स्थापना का किया आग्रह**
**⏭आपदा प्रभावित गाँवों का विस्थापन एसडीआरएफ निधि के अन्तर्गत अनुमन्य किये जाने के साथ ही आपदा में लापता व्यक्तियों को मृत घोषित किये जाने की स्थायी व्यवस्था स्थापित किये जाने का भी अनुरोध किया**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की और राज्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री से अनुरोध किया कि उत्तराखण्ड राज्य में समय–समय पर आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध मेलों/पर्वों पर तैनात होने वाले केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती/व्यवस्थापन पर होने वाले व्यय को पूर्वोत्तर राज्यों/विशेष श्रेणी के राज्य की भाँति (केन्द्रांश : राज्यांश) 90 : 10 के अनुपात में भुगतान की व्यवस्था निर्धारित की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य के सीमित आर्थिक संसाधनों के दृष्टिगत उत्तराखण्ड राज्य में समय–समय पर तैनात केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के फलस्वरूप लम्बित देय धनराशि रूपये 47.29 करोड़ को अद्यतन विलम्ब शुल्क सहित छूट प्रदान करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड से नेपाल तथा चीन की सीमा लगी है, जहां स्थित गांव दुर्गम भौगोलिक परिस्थिति तथा आर्थिक अवसरों की कमी के कारण वीरान हो रहे हैं। इन क्षेत्रों में इनर लाईन प्रतिबंध हटाये जाने से पर्यटन के अपार अवसर खुलेंगे तथा क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढने से वहां से पलायन रूकेगा। इससे संवेदनशील क्षेत्रों में बेहतर सीमा प्रबन्धन में भी सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री से चमोली जिले के नीति घाटी और उत्तरकाशी के



नेलोंग घाटी (जाडूंग गांव) को इनर लाईन प्रतिबन्ध से हटाये जाने के प्रस्ताव पर विचार करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से कोविड की तीसरी लहर के दृष्टिगत राज्य सरकार की तैयारियों, चार धाम यात्रा, कांवङ यात्रा पर भी विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के प्राकृतिक आपदा की अत्यधिक संवेदनशीलता के दृष्टिगत विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दु राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार को संदर्भित किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री से राज्य के लिये 02 एयर एंबुलेन्स, ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण में आपदा प्रबन्धन शोध संस्थान की स्थापना, आपदा प्रभावित गाँवों का विस्थापन एस0डी0आर0एफ0 निधि के अन्तर्गत अनुमन्य किये जाने के साथ ही आपदा में लापता व्यक्तियों को मृत घोषित किये जाने हेतु स्थायी व्यवस्था स्थापित किये जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा जोखिम प्रबन्धन कोष घटकों के लिए दिशा–निर्देश तैयार करते समय विशेष रूप से पर्वतीय राज्यों की वस्तुस्थिति पर ध्यान दिये जाने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत केन्द्रांश की द्वितीय किस्त अवमुक्त किये जाने का भी अनुरोध किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड के मुख्य सचिव डॉ एस एस संधु, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री शैलेश बगोली भी उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

## बदलाव से यह संकेत

जहां सहयोगी दलों को मंत्रिमंडल में जगह दी गई, वहीं अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के राजनीतिक समीकरणों को भी तरजीह दी गई है। दूसरी ओर कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर से निपटने में जो नाकामी सामने आई थी, उसके चलते स्वास्थ्य मंत्री की विदाई हुई। जाहिर है यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि जो मंत्रिमंडल बेहतर ढंग से नहीं संभाल पाएंगे, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा और जो काम करेंगे उन्हें प्रोन्नत किया जायेगा। निस्संदेह देश कोरोना संकट से जूझ रहा है और यह चुनौती रोजगार व आर्थिक स्तर पर भी है। इस बदलाव से यह संकेत देने का प्रयास किया गया कि मंत्रालय स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। कहीं न कहीं यह जनता का विश्वास हासिल करने का भी प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली को समझने वाले जानते हैं कि वे राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल विस्तार करके उस राज्य के महत्वपूर्ण होने का संदेश जनता को देना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश से सर्वाधिक सात सांसदों को मंत्रिपद दिया जाना इसी कड़ी का विस्तार है। इसमें जातीय समीकरणों को भी साधने की कोशिश हुई है। यह जताने का प्रयास किया गया है कि समाज के हर वर्ग व राज्य को मंत्रिमंडल में सम्मान दिया गया है। वहीं मंत्रियों को संदेश दिया गया है कि जो बेहतर काम करेगा उसे सम्मान मिलेगा, मसलन अनुराग ठाकुर व हरदीप सिंह पुरी को पदोन्नति इसका उदाहरण है। वहीं नई शिक्षा नीति को मुख्य चर्चा में न ला पाने तथा कोरोना दौर में परीक्षा संकट से बेहतर ढंग से न निपट पाने पर शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल शनिशंक्य की विदाई बताती है कि प्रधानमंत्री मंत्रालय की कारगुजारी से खुश नहीं थे।वहीं घटक दलों जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी और अपना दल को मंत्रिमंडल में जगह देकर राजग की सहभागिता की सार्थकता को सिद्ध करने का प्रयास किया गया है, जो चुनावी रणनीति की भी जरूरत थी। वहीं जातीय समीकरणों को साधकर समरसता का संदेश दिया गया तो मंत्रिमंडल में ग्यारह महिलाओं को शामिल करके लैंगिक समानता का निष्कर्ष देने का प्रयास किया गया। दूसरी ओर युवा चेहरों को शामिल करके मंत्रिमंडल को ऊर्जावान दर्शाने का प्रयास किया गया। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रियों की औसत आयु साठ से कम हो गई, वहीं चौदह मंत्री पचास साल से कम उम्र के हैं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के अब तीन ही साल बाकी हैं और उत्तर प्रदेश समेत कई महत्वपूर्ण राज्यों में अगले साल चुनाव होने हैं। वहीं 2024 के लिये तीसरे मोर्चे की हालिया सक्रियता के जवाब में पार्टी भी अपनी रणनीति बनाने में जुट गई है, जिसकी झलक मंत्रिमंडल विस्तार में नजर आती है। ऐसे में जहां सुशासन का संकेत देना है, वहीं यह भी बताना है कि कार्य प्रदर्शन की कसौटी पर खरे न उतरने वाले मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाने में देरी नहीं लगेगी। जाहिर है मोदी सरकार पर पिछले आम चुनावों में किये गये वादों को इन तीन साल में पूरा करने का दबाव रहेगा, जिसके लिये मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़ाकर जवाबदेही सुनिश्चित करने का भी प्रयास हुआ है।

# जीवन बचाने वालों की बढ़ती दुश्वारियां

लक्ष्मीकांता चावला

पंजाब के आमजन और स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में लगे लागों को उस दिन बहुत हर्ष हुआ जब अप्रैल 2011 में पंजाब में एंबुलेंस 108 सेवा शुरू हो गई। हमारा यह विश्वास था कि इससे उन लोगों का जीवन बचाने में मदद मिलेगी जो सड़क दुर्घटनाओं में घायल हो जाते हैं और समय पर मेडिकल सहायता न मिलने से जीवन से हाथ ध ो बैठते हैं। यह विश्वास आज भी बना हुआ है कि ये गरीब लोग, जिनके निजी वाहन नहीं, गंभीर बीमारी की स्थिति में अस्पताल पहुंचने के लिए एंबुलेंस का प्रबंध नहीं कर पाते, 108 की सहायता से कुछ ही पलों में सरकारी एंबुलेंस पहुंच कर उन्हें अस्पताल पहुंचा देगी।आपातकालीन स्थिति में रोगियों का प्रथम एक घंटा सुनहरी समय है। जो रोगी इसी समय उपचार के लिए डाक्टरों के पास पहुंचा दिए जाते हैं, उनमें से अधिकतर का जीवन सुरक्षित हो जाता है। इसके साथ ही पंजाब के लगभग एक हजार युवकों को भी रोजगार मिलने का साधन यह एंबुलेंस सेवा बन गई। गुजरात, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 108 जिस प्रकार कार्य कर रही थी, उसका प्रत्यक्ष अध्ययन किया और देखा गया। उसके आधार पर ही पंजाब में एंबुलेंस सेवा शुरू हुई।एक वर्ष में ही सैकड़ों महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पतालों में पहुंचाया गया और बहुत–सी महिलाओं को एंबुलेंस में ही प्रसव के लिए सहायता दी गई, जिससे बच्चे और मां का जीवन पूरी तरह सुरक्षित रहा। कोरोना महामारी के भयानक दिनों में भी इन कर्मचारियों ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए उन रोगियों की मदद की, जिन्हें कोरोना की दहशत से उनके परिजन भी दूर रहे। कोरोना के मृतकों को जब निजी संबंधी भी हाथ लगाने को तैयार नहीं थे, उस समय भी बहुत से एंबुलेंस कर्मचारियों ने मृतकों को उठाया और अंतिम स्थल तक पहुंचाया।

अब इस सेवा को निभा रहे कर्मचारियों की क्या स्थिति है, उस पर विचार करना भी जरूरी है। क्या कोई विश्वास करेगा कि पूरे दस वर्ष तक कठिन ड्यूटी निभाने के बाद भी इन कर्मचारियों की हालत तरस योग्य सरकार ने बना दी है। सरकारें अपने दायित्व से भागते हुए आउटसोर्सिंग के नाम पर इन कर्मचारियों की किस्मत किसी ठेकेदार के हवाले कर देती हैं और वही इनके भाग्य विधाता बन जाते हैं। 2011 में जो कर्मचारी भर्ती हुए, उनमें से शायद ही कोई विरला भाग्यशाली होगा, जिसे दस वर्ष की सेवा के बाद दस हजार रुपये मासिक मिल रहे हों। इनको नौकरी से निकाल देना या दंड स्वरूप घरों से 200 मील की दूरी पर बदली कर देना आम बात है। कागजों में इनकी ड्यूटी बारह घंटे है। रविवार की छुट्टी भी अब इनके लिए दिवास्वप्न बन गयी। दिन–रात यातना सहते हुए भी रोटी की मजबूरी में यह कर्मचारी गूंगे बने रहने को विवश हैं। इनकी हालत यह है कि चुप रहे तो मर जाएंगे और बोल पड़े तो मार दिए जाएंगे।

एक कर्मचारी ने पत्र लिखकर बताया कि जब कोरोना के कारण कोई कर्मचारी रोगी भी हो जाए तो उसे ड्यूटी करने के लिए विवश किया जाता है, यद्यपि लिखित में कुछ नहीं दिया जाता पर आदेश यह रहता है कि नौकरी से निकाल दिए जाओगे। इनके लिए सबसे बड़ा दंड यह रहता है कि घरों से इतना दूर बदल दिया जाए कि ड्यूटी के समय किसी भी प्रकार न पहुंच सके या घर–परिवार से पूरी तरह दूर हो जाए। क्या कोई श्रम विभाग का अधिकारी, मंत्री यह जानता है कि जितनी शान सरकारें इस 108 के नाम पर बटोरती हैं, उतने ही बेबस इनके कर्मचारी हो चुके हैं।

केवल 108 के कोरोना वॉरियर ही नहीं, अपितु स्वास्थ्य विभाग के जितने भी कर्मचारी ठेकेदारों की दया पर हैं, उनकी हालत दयनीय है। 2008 में पंजाब में नेशनल स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट की गाडियां चलाई गई थीं। उनके कर्मचारियों की स्थिति भी 108 के कर्मचारियों से अच्छी नहीं। नौकरी कच्ची, हर समय सिर पर बेकार होने की लटकती तलवार और वेतन में बढ़ोतरी न होना उनकी त्रासदी है। एमएमयू के कर्मचारियों को भी वर्ष 2017 से वर्तमान सरकार के कार्यकाल में न कोई वेतन में बढ़ोतरी और न कोई अन्य सुविधा मिली। पेट्रोल–डीजल महंगा हो गया। रोटी का प्रबंध भी कठिन, पर वेतन उतना ही, जितना पहले मिलता था। एयरकंडीशंड महलों में रहकर राज करने वाले लोग और ठंडे कमरों में बंद फाइलों पर कानून बनाने वाले यह नहीं जानते कि आम आदमी की कितनी दुर्दशा है।

इन कर्मचारियों को यह ज्ञात ही नहीं कि उन्हें ईएसआई से उपचार करवाने का अधिकार है। पंजाब सरकार अपने पड़ोसी राज्यों से जानकारी ले कि वह 108 के कर्मचारियों को कितना वेतन और कितनी सुविधाएं दे रहे हैं। एक जानकारी के अनुसार हरियाणा में इन कर्मचारियों को पंजाब से कहीं अधिक सुविधाएं दी जा रही हैं। मानव अधिकार आयोग और श्रम विभाग का यह कर्तव्य है कि अपने देश और पंजाब के कर्मचारियों को संरक्षण दें।

# जानिए नूडल्स खाना कितना खतरनाक हो सकता है




दिन में तीन बार भोजन करने के अलावा बहुत भूख लग रही है? आसान समाधान खोज रहे हैं? अगर ऐसा है तो कई लोग ऐसे भी हैं जो कम समय में पेट भरने का उपाय खोजने के लिए समय पर किचन नहीं जाते हैं। ऐसे में बहुत से लोग इंस्टेंट नूडल्स पसंद करते हैं। खासकर छात्रों से लेकर व्यस्त लोगों तक, इंस्टैंट नूडल्स का हर कोई फैन होता है। फिर से खाना बनाने की परेशानी से बचने के लिए कई लोग इस खाने का इस्तेमाल दिन–ब–दिन करते हैं। तो इस प्रकार के नूडल्स की लोकप्रियता अब अपने चरम पर है।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन नूडल्स से पेट भरने में क्या नुकसान है? आप नहीं जानते होंगे दु आप अनजाने में इन सभी खाद्य पदार्थों के लिए खतरा ला रहे हैं।न्यूट्रिशनिस्ट्स के मुताबिक, अगर उबला हुआ खाया भी जाए तो ये फूड किसी भी दूसरे जंक फूड से ज्यादा हानिकारक होते हैं। पोषण विशेषज्ञ कहते हैं कि इस प्रकार के भोजन का कोई पोषण मूल्य नहीं होता है। बल्कि इसमें मौजूद सिंथेटिक केमिकल्स शरीर की अतिरिक्त चर्बी को बढ़ा देते हैं।डॉक्टरों के मुताबिक इंस्टेंट नूडल्स में सिंथेटिक एंटीऑक्सीडेंट टीबीएचक्यू होता है। जो शरीर में 0.02–0.03 प्रतिशत से ज्यादा पहुंच जाए तो खतरनाक हो सकता है। यह लगभग 300 मिलीग्राम प्रति किलो होने की सिफारिश की जाती है। लेकिन नूडल्स में मात्रा इतनी अधिक होती है कि यह धीरे–धीरे लीवर की पुरानी बीमारी का कारण बनती है और पाचन प्रक्रिया को बाधित करती है।ाान हो जाएं।

# बालों को सेट करने के अलावा इन कार्यों को भी आसान बना सकता है हेयर स्प्रे

आमतौर पर आपने हेयर स्प्रे का इस्तेमाल बालों को सेट करने के लिए किया होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा अन्य कई कार्यों के लिए भी हेयर स्प्रे का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप चाहें तो घर के अलग–अलग कामों के लिए और अन्य चीजों के विकल्प के रूप में हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए फिर आज हेयर स्प्रे से जुड़े ऐसे ही कुछ अद्भुत हैक्स के बारे में जानते हैं।



जाम चीजों को ठीक करने के लिए करें इस्तेमाल

अगर आपके किसी कपड़े में लगी चैन जाम हो गई है तो इसे ठीक करने के लिए आप हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको बस इतना करना है कि हेयर स्प्रे को कपड़े की जाम चैन पर अच्छे से छिड़के दें। इसके बाद चैन आराम से बंद और खुलने लगेगी। इसके अलावा अगर आपके घर के दरवाजे और खिड़कियां जाम हो गए हैं तो उन्हें ठीक करने के लिए भी हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं।

फूल और पौधों को मुरझाने से बचाएं

आमतौर पर लोग घर की सजावट के लिए फूल और पौधों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन वे जल्द ही मुरझा जाते हैं। ऐसे में हेयर स्प्रे के इस्तेमाल से इनका रंग–रूप बदला जा सकता है। दरअसल, हेयर स्प्रे के प्रभाव से फूलों और पौधों को हरा–भरा रखा जा सकता है, इसलिए जब भी आप घर को असली फूलों से सजाएं तो उन पर थोड़ी दूरी से हेयर स्प्रे का छिड़काव करें।

लेदर के हैंडबैग को चमकाएं

जिस प्रकार जूतों को नियमित अंतराल पर पॉलिश की जरूरत होती है, ठीक उसी प्रकार लेदर से बने हैंडबैग आदि को भी नियमित अंतराल पर पॉलिश की जरूरत होती है और इसके लिए आप हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक सूती कपड़े पर थोड़ा सा हेयर स्प्रे छिड़कें और इससे अपने लेदर के हैंडबैग की पॉलिश करें। यकीनन इससे आपके लैदर के हैंडबैग की चमक नई जैसी लगेगी।

दीवार से हटाएं इंक और मार्कर के निशान

अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं तो आपको आए दिन घर की दीवारों से इंक और मार्कर के निशान साफ करने के लिए मेहनत करनी पड़ती होगी। आप चाहें तो इस काम को आसान बनाने के लिए हेयर स्प्रे की मदद ले सकते है। इसके लिए इंक या मार्कर के निशान वाली दीवार पर हेयर स्प्रे छिड़कें और फिर किसी मुलायम कपड़े से इसे धीरे–धीरे रगड़कर साफ कर दें। इससे निशान पूरी तरह से चले जाएंगे।

## 10वीं पास युवाओं को रोजगार देगी एलआईसी

देहरादून। हाईस्कूल पास बेरोजगारों को एलआईसी रोजगार देगा। इसके लिए एलआईसी ने ग्रामीण वित्तिक अभिकर्ता पद के लिए आवेदन मंगाए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 20 जुलाई तक मंडलीय कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। कोरोना संक्रमण के दौरान कई लोग बेरोजगार हो गए हैं। खासतौर पर कम पढ़े लिखे लोगों के लिए रोजगार मिलना मुश्किल हो गया है। ऐसे लोगों स्वयं की मेहनत से आमदनी कमा सकें इसके लिए एलआईसी ने ग्रामीण वित्तिक अभिकर्ता पद के लिए आवेदन मंगाए हैं। जिला विकास अधिकारी एलआईसी संजीव कंडवाल ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों को 20 जुलाई तक आवेदन करना होगा। 22 जुलाई को उच्चाधिकारियों के समक्ष साक्षात्कार व परीक्षा के बाद अभिकर्ता पद पर नियुक्ति दी जाएगी। बताया कि आवेदक की उम्र 18 साल से ऊपर और शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास रखी गई है।



उत्तराखण्ड शासन
कोरोना से उत्तराखण्ड है सावधान
तेजी से चल रहा है टीकाकरण अभियान
मास्क जरूरी है
पूरे विश्व में विशेषज्ञ इस बात पर एकमत हैं कि वैक्सीन और मास्क ही कोरोना से बचा सकते हैं। अत: जीवन रक्षा के लिए वैक्सीन लगने से पहले और वैक्सीन की दोनों डोज़ लगने के बाद भी आपको और आपके परिवार को सुरक्षित रखने के लिए मास्क बेहद जरूरी है। मास्क पहनने में लापरवाही बेहद घातक है।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
अपील
प्रिय प्रदेशवासियों,
कोरोना महामारी की दूसरी लहर का सामना उत्तराखण्ड सरकार ने कुशलता, दृढ़ संकल्प और संयम के साथ किया है। राज्य सरकार के कुशल प्रबंधन और आप सभी के सहयोग का परिणाम है कि कोरोना के एक्टिव केस उत्तराखण्ड में बहुत तेजी से कम हुए हैं और लोगों के ठीक होने की दर 96 प्रतिशत हो चुकी है। सरकार टेस्ट, ट्रैक और ट्रीट के सिद्धांत के साथ कोरोना के नियंत्रण में जुटी हुई है। संक्रमण के मामले भले ही कम हुए है लेकिन हमें अभी भी सावधान रहना है। विशेषज्ञों को आंशका है कि कोविड-19 की तीसरी लहर में हमारे बच्चे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार का प्रयास लगातार टीकाकरण बढ़ाने का है। मैं प्रदेश की जनता की ओर से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का निशुल्क टीकाकरण के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। सरकार का प्रयास है कि राज्य में चिकित्सा और स्वास्थ्य संसाधनों में निरन्तर वृद्धि हो। आज प्रदेश में पर्याप्त संख्या में कोविड केयर सेंटर एवं अस्पतालों का निर्माण किया जा चुका है। मैं प्रदेश में आने वाले सभी पर्यटकों एवं प्रदेश की जनता से अपील करता हूँ कि सदैव मास्क पहने और भीड़ से बचें। कोविड वैक्सीन अवश्य लगवायें, यह पूरी तरह से सुरक्षित है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। हमारी सतर्कता ही कोरोना को हरा सकती है।
धन्यवाद!
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
हम सुरक्षित, तो देश सुरक्षित
हम सबकी है ये जिम्मेदारी कोरोना से बची रहे जिन्दगी हमारी
मास्क जरूर और ठीक से पहनें
हाथों को नियमित धोएं अथवा सेनिटाइजर का प्रयोग करें
आपसी सम्पर्क में 2 गज दूरी है जरूरी
लक्षण होने पर कोविड टेस्ट अवश्य करायें
अपनी बारी आने पर कोविड वैक्सीन अवश्य लगायें
दवाई भी कड़ाई भी
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | UttarakhandDIPR | DIPR_UK

# यूथ बॉक्सिंग चौंपियनशिप के लिए उत्तराखंड टीम का चयन


नैनीताल। हरियाणा में होने जा रही राष्ट्रीय यूथ और जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड टीम चुन ली गई है। बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से रविवार डीएसए मैदान में रविवार को प्रदेश भर से आए खिलाडियों ने ट्रायल में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 17 से 30 जुलाई के बीच पानीपत में होगी। बॉक्सिंग एसोसिएशन सचिव नवीन टम्टा ने बताया कि यूथ बॉयज में 46 से 48 किलोग्राम वर्ग बालक वर्ग में काशीपुर के प्रमोद कुमार, 48 से 51 किग्रा में पिथौरागढ़ के ललित कुमार, 51 से 54 किलोग्राम में चमोली के करन मेहरा, 54 से 57 किलोग्राम में काशीपुर के अंकुर कश्यप, 57 से 60 किलोग्राम में अल्मोड़ा के वंशवर्धन, 80 से 86 किलोग्राम वर्ग में नैनीताल के गौरव बिष्ट, 86 से 90 किलोग्राम में अभय बेलवाल, 90 किलोग्राम वर्ग में हरिद्वार के युवराज सिंह का चयन हुआ है। जूनियर बालिका वर्ग में 44 से 46 किलोग्राम में नैनीताल की कनिका 46 से 48 किलोग्राम वर्ग में पिथौरागढ़ की आंचल शुक्ला, हमें 48 से 50 किलोग्राम वर्ग में मनीषा टाकुली, 50 से 52 वर्ग में दीक्षा कुमारी, 52 से 54 वर्ग में नैनीताल की काजल राणा, 54 से 57 वर्ग में देहरादून की सगुन गोस्वामी, 57 से 60 वर्ग में निकिता चंद्र, 60 से 63 वर्ग में पिथौरागढ़ की भूमिका, 63 से 66 वर्ग में अंजली, 66 से 70 वर्ग में कोमल का चयन हुआ है। यूथ बॉक्सिंग गर्ल्स बालिका वर्ग में 45 से 48 किलोग्राम वर्ग में देहरादून की निवेदिता कोहली 48 से 50 वर्ग में मोनिका मेहर, 50 से 52 आरती गोस्वामी, 52 से 54 पिथौरागढ़ की आरती, 54 से 57 देहरादून की प्रिया थापा, 57 से 60 नैनीताल की खुशी और ऊधमसिंहनगर की कोमल धामी 60 से 70 नैनीताल की जया बिष्ट, 70 से 75 ऊधमसिंहनगर की मनीषा धामी का 90 किलोभार वर्ग में देहरादून की मोनिका राणा को चुना गया है। जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता 17 से 23 जुलाई और यूथ बॉक्सिंग प्रतियोगिता 23 से 30 जुलाई तक होगी। इस दौरान सचिव नवीन टम्टा, गोपाल खोलिया, देवेंद्र जीना, अभय कुमार, पुष्पा धर्मपाल, विमला रावत, रणजीत कौर, डीएस मेहरा,

# विधायक कैड़ा ने खुलवाया बंद पड़ा पिंनरो–भटेलिया मोटर मार्ग

नैनीताल। भीमताल ब्लॉक के ग्राम सभा पिंनरो में लंबे समय से बंद पड़े पिंनरो–भटेलिया मोटर मार्ग रविवार को विधायक राम सिंह कैड़ा ने खोल दिया है। विधायक ने मार्ग को खोलने के लिए 2.50 लाख प्रदान किए थे। रविवार को सुबह से शाम तक मौके पर मौजूद रहकर विधायक ने मार्ग को यातायात के लिए वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया है। विधायक ने बताया कि पिछले दिनों अत्यधिक वर्षा होने से पिंनरो गांव को बन रहे मोटर मार्ग का मलबा बहने से पिंनरो–भटेलिया मोटर मार्ग पर आ गया था। इससे मोटर मार्ग बंद होने से अवागमन ठप हो चला। ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मलबा को हटाने के लिए 2.50 लाख दिए। जिसके बाद पिनरो भटेलिया मोटर मार्ग खुलवा दिया है। रविवार को भटेलिया, पिंनरो, त्यौना, जाबर, डोब का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या भी सुनी। संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। यहां जिला पंचायत सदस्य प्रेम बल्ल्भ बृजवासी, मनोहर पलडिया, पंकज महरा, जगदीश शर्मा खीमनन्द पुजारी, पदमादत्त पलडिया, मोहन पलडिया, दयानन्द पलडिया, हरीश पलडिया, किशनानंद पलडिया, केशव बेलवाल, हेम पलडिया, मोहन कोटलिया आदि लोग मौजूद रहे।

# पेड़ से लटका मिला ऑटो चालक का शव

देहरादून। ऑटो चालक का शव पेड़ से लटका मिला। सहस्त्रधारा रोड इलाके में रविवार सुबह उसे भाई ने तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जांच मे मामला आत्महत्या से जुड़ा बताया जा रहा है। रायपुर थानाध्यक्ष दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे सूचना कि युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर अस्पताल में भिजवाया।



मृतक पहचान सोनू सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी सहस्रधारा रोड के रूप में हुई। सोनू ऑटो चलाता था। अकसर पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट करता था। रविवार को सोनू सिंह का भाई घर के पिछे की तरफ किसी काम से गया तो देखा कुछ दूरी पर सोनू पेड़ से लटका हुआ था। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया गया। मौक के कारणों की पुलिस जांच कर रही है।

# महिलाओं को स्वरोजगार से जुडने के लिए किया प्रेरित

नैनीताल। ध्येय संस्था ने रविवार को भीमताल ब्लाक के ग्राम पंचायत अलचौना एवं नौकुचियाताल के सिलौटी में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीण महिलाओं को संस्था द्वारा स्वरोजगार के लिए संचालित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अल्चोना में प्रधान पूरन भट्ट की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। जिसमें क्षेत्र की बालिकाओं ने ताड़ा, अल्चौना, एवं चांफी क्षेत्र के लिए अल्चौना के नयना तोक में एक कंप्यूटर सेंटर खोले जाने की मांग रखी। संस्था के अध्यक्ष ने हरेला पर्व के तुरंत बाद निशुल्क कंप्यूटर सेंटर खोले जाने की घोषणा की। सिलौटी में महिला समूह के साथ बैठक आयोजित की गई जहां पर महिला समूह को अलग–अलग प्रशिक्षण के लिए जागरूक किया गया।



महिलाओं ने मशरूम उत्पादन एवं मसाला उत्पादन के लिए विशेष जोर दिया। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट हरीश चंद्र जोशी ने जल्द ही निशुल्क सिलाई, मसाला व मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने की बात कही। बैठक में सुदर्शन जोशी, दीपचंद भट्ट, पावनी जोशी, पुष्पा जोशी, श्वेता बृजवासी, पंकज शर्मा, शिवदत्त पांडे, हरीश बिष्ट, पूजा बिष्ट, दीपा नयाल, मनोज गोस्वामी एवं मनोज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# सीएम धामी ने की केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से उत्तराखण्ड राज्य में हवाई सेवाओं के सुदृढीकरण से संबंधित विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ में स्थित एयरस्ट्रिप को हवाई सेवाओं की दृष्टि से अधिक व्यवहार्य बनाये जाने के लिए सर्वे हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (ढ्ढ) को हस्तगत किये जाने तथा क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत पिथौरागढ़ से हवाई सेवा हेतु की गयी निविदा प्रक्रिया के उपरांत हवाई सेवा के सुचारू संचालन के लिये सबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को पूर्व में लिये गये सैद्धांतिक निर्णयों से अवगत कराते हुए बताया कि भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत पूर्व स्वीकृत मार्ग को पाइन्ट टू पाइन्ट करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी थी। साथ ही क्षेत्रीय सम्पर्क योजना में उत्तराखण्ड राज्य में संचालित की जाने वाली हैलीकॉप्टर सेवा के लिये सिंगल इंजन हैलीकॉप्टर की अनुमन्यता प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया गया था। क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पवन हंस लि0 को सप्ताह में तीन फ्लाईट स्वीकृत हैं। यह सैद्धांतिक सहमति हुई थी कि पवन हंस लि0 द्वारा सप्ताह के अन्य दिनों में भी कुमाऊँ क्षेत्र में हवाई सेवाएं प्रदान किये जाने के विषय पर विचार किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने उक्त सभी सैद्धान्तिक निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु संबंधित को यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित करने का का भी केन्द्रीय मंत्री से आग्रह किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री शैलेश बगोली भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस का भाजपा सरकार के खिलाफ धरना–प्रदर्शन



हल्द्वानी। क्षेत्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले कांग्रेस ने शनिवार को भाजपा सरकार के खिलाफ धरना–प्रदर्शन किया। इसके बाद तीन–तीन मुख्यमंत्री बदलने और कोरी घोषणाओं पर व्यंग्य करते हुए जनता को चूरन भी बांटा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य ललित जोशी की अगुवाई में कांग्रेसियों ने शनिवार को तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में धरना–प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी के कार्यकाल में काम नही केवल बातें हुई हैं। साढ़े चार साल में काम के बजाय राजनीतिक अफरातफरी मची रही। ललित जोशी ने कहा कि अब तक के कार्यकाल में सरकार ने केवल जनता के पैसे पर मुख्यमंत्री बदलने का काम ही किया है। राज्य सरकार ने जनता को विकास, रोजगार और मंहगाई का चूरन देकर उनका मजाक बनाया है। कहा कि अब जब विधानसभा चुनाव को महज 6 माह का समय ही बचा है तो सरकार जनता को घोषणा, नौकरी, विकास, महंगाई उन्मूलन के नाम पर केवल चूरन बांट रही है द्य कहा कि 2017 में 6 माह में सारी रिक्तियां भरने का वादा करने वाली भाजपा साढ़े चार साल में एक भी रोजगार नहीं दे पाई, जो कि बेरोजगारों के साथ छलावा है। जमरानी बांध, आईएसबीटी जैसे प्रोजेक्ट अधर में हैं। जल्द ही चुनावी आचार संहिता लग जाएगी और सरकार लोक लुभावने वादे कर जनता को बरगला रही है द्य कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। अन्य वक्ताओं ने भी सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। कहा कि भाजपा सरकार सीधे तौर पर जनता का अपमान कर रही है। धरना–प्रदर्शन में खजान पांडेय, पार्षद राजेंद्र जीना, कांग्रेस नेता हेमंत साहू, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल भोजक, शैलेंद्र दानू, रोहित प्रकाश, नितिन बल्यूटिया, कैलाश साह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि वर्मा, महेशानंद, कर्मचारी नेता दीप पाठक, अरबाज खान, शराफत खघन, पार्षद लईक कुरैशी, ध्रूव कश्यप, व्यापारी नेता योगेश शर्मा, जीत सिंह, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# जाट समाज के उत्थान हेतु प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

देहरादून। अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा आर्य समाज मंदिर सुभाष नगर में एक सभा का आयोजन किया गया। जहां जाट समाज के समक्ष वर्तमान समय में पनप रही विभिन्न समस्याओं जैसे बेरोजगारी, गरीबी, रोजगार, शिक्षा का अभाव, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, कृषि क्षेत्र में निरन्तर घटता मुनाफा , नशाखोरी, बढ़ते मानसिक अवसाद एवं सामाजिक बुराइयों पर गहन मंथन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने उत्तराखंड व अन्य प्रदेशों तथा विदेशों में बसे जाट समाज के प्रबुद्ध एवं सक्षम लोगों का सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक के उपयोग के द्वारा एक बृहद डेटाबेस तैयार करने पर बल दिया। ताकि उनके द्वारा समाज के निर्बल लोगों की यथोचित सहायता की जा सके। उत्तराखंड राज्य में इस कार्य को साकार करने के लिए अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा एक प्रदेश कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

# 300 यूनिट फ्री बिजली की मांग को आप का सीएम आवास कूच







## ⏭आप कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोकझोंक

## ⏭आप नेता कर्नल कोठियाल, रविन्द्र जुगरान समेत अन्य कई गिरफ्तार

देहरादून। आम आदमी पार्टी ने उत्तराखंड में कम से कम 300 यूनिट बिजली फ्री दिए जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया। प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर, कर्नल अजय कोठियाल, रविंद्र जुगरान समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता दिलाराम चौक पर एकत्रित हुए। जहां से रैली की शक्ल में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया। पहले से मौजूद पुलिस ने हाथीबड़कला में बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक लिया, जहां कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच खूब नोकझोंक हुई। इसके बाद कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आम आदमी पार्टी के वरिष्ट नेता रविंद्र जुगरान और प्रदेश प्रवक्ता नवीन पीरशाली ने कहा, इस प्रदेश में बीजेपी ने पिछले साढ़े चार साल में केवल लूट और भ्रष्टाचार किया है और अब मुफ्त बिजली के मुद्दे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बयान के बाद साफ हो गया है कि सरकार प्रदेश की जनता के साथ छल कर रही है। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री के उस वीडियो बयान के जरिये पत्रकारों को बताया फ्री बिजली देने की बात करने वाली बीजेपी का ये सिर्फ चुनावी जुमला है। जैसे अमित शाह कहते है चुनावों से पहले कोई जुमला होना चाहिए वैसे ही ये 100 यूनिट फ्री बिजली केवल चुनावी जुमला है। उन्होंने कहा, हमें लगता था ये घोषणा चुनावों तक जुमले की तरह रहेगा, लेकिन ऊर्जा मंत्री हरक सिंह के बयान के 24 घंटे में सीएम ने क्लियर कर दिया ये सिर्फ चुनावी जुमला साबित होगा। बीजेपी प्रदेश में फ्री बिजली नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा ऊर्जा मंत्री घोषणा करते 100 यूनिट बिजली फ्री देंगे, लेकिन 24 घंटे के अंदर सीएम कहते अभी कोई प्रस्ताव नहीं आया, कोई प्लान नहीं। इस टालमटोल रवैये से ये साफ हो गया बीजेपी आगामी चुनावों को देखते हुए केवल जुमलेबाजी कर रही। इनकी प्रदेश वासियों को मुफ्त बिजली देने की कोई मंशा नहीं है। आप के वरिष्ठ नेता कर्नल अजय कोठियाल ने कहा दिल्ली मॉडल की तर्ज पर उत्तराखंड में भी बिजली फ्री होनी चाहिए और यहां 300 यूनिट तक बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त मिलनी चाहिए। आप प्रवक्ता ने कहा उत्तराखंड में 300 यूनिट बिजली फ्री और बीजेपी ने जुमले के सहारे, जनता को जो धोखा दिया। वहीं आप नेता रविंद्र जुगरान ने कहा, प्रदेश के पहले ऊर्जा मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत का मुफ्त बिजली को लेकर भ्रामक बयान देना और फिर नए नवेले मुख्यमंत्री का यह कहना कि, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया है, दिखाता है कि भाजपा सरकार बिजली के मुद्दे पर जनता को भरमा रही है,जुमलेबाजी कर रही है। भाजपा कभी भी जनता को मुफ्त बिजली देने के हक में नहीं रही, जिसे आज मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के बयान ने फिर से साबित कर दिया है। यही नहीं बिना होमवर्क के ,मुफ्त बिजली के मुद्दे पर मुख्यमंत्री और मंत्री के बयानों में विरोधाभास ये बताने के लिए काफी है कि चेहरा बदलने के बाद भी सरकार में अंतर्विरोध बना हुआ है जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है।

# अगले माह के प्रारम्भ में हो सकती है राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक

देहरादून। राज्य परिवहन प्राधिकरण, यानी एसटीए की बैठक अगले माह की शुरुआत में हो सकती है। इस बैठक में वाहन किराया, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच नए मार्गों व परमिटों पर कार्रवाई के संबंध में चर्चा संभावित है। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण के कारण बीते दिसंबर से एसटीए की बैठक नहीं हो पाई है। नियमानुसार हर तीन माह में एसटीए की बैठक होनी चाहिए। देखा जाए तो कोरोना संक्रमण के कारण बीते एक वर्ष से किराया निर्धारण नहीं हो पाया है। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसकी रिपोर्ट एसटीए की बैठक में रखी जानी है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश से हुए परिवहन समझौतों के प्रस्ताव भी फिलहाल लंबित चल रहे हैं। उत्तराखंड के कुछ ऐसे मार्ग, जो उत्तर प्रदेश की सीमा से होकर गुजरते हैं, इन मार्गों से गुजरने के लिए उत्तराखंड के वाहनों को टैक्स देना होता है। यह मसला भी प्राधिकरण के जरिये पारित करा कर उत्तर प्रदेश परिवहन प्राधिकरण के समक्ष रखा जाना है। इसके साथ ही परमिटों का नवीनीकरण, वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर कार्रवाई पर भी चर्चा बैठक में होनी है। इन सब विषयों में सबसे अहम वाहन किराया है। दरअसल, एसटीए में बीते वर्ष यह तय किया गया था कि परिवहन निगम और व्यावसायिक वाहनों का किराया हर वर्ष तय किया जाएगा। बीते एक वर्ष में पेट्रोल व डीजल समेत अन्य वस्तुओं की कीमत बढने के कारण वाहन स्वामी भी किराये में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं, जिसका फैसला एसटीए ने ही करना है। इस वर्ष एसटीए की बैठक मार्च में प्रस्तावित थी, लेकिन विभिन्न कारणों से बैठक नहीं हो पाई। इसके बाद चारधाम यात्रा को देखते हुए बैठक बुलाई जानी प्रस्तावित की गई। इस बीच कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर गति पकड़ गई। इसे देखते हुए फिर बैठक नहीं हो पाई। अब संक्रमण के मामले कम हो रहे हैं तो एक बार फिर एसटीए की बैठक पर विचार किया जा रहा है।आयुक्त परिवहन दीपेंद्र चौधरी का कहना है कि बैठक के लिए विषय तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में अगले माह बैठक बुलाई जा सकती है।

# आज उत्तराखंड आएंगे दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल

देहरादून। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पहली बार उत्तराखंड आएंगे। केजरीवाल रविवार को प्रदेश की राजधानी देहरादून आएंगे। इस दौरान केजरीवाल राज्य के उपभोक्ताओं को निशुल्क बिजली उपलब्ध कराने के मुद्दे पर बड़ी घोषणा कर सकते हैं। पार्टी की उत्तराखंड इकाई ने उनका कार्यक्रम तैयार किया है, जिसपर केजरीवाल की तरफ से हामी भर दी गई है। केजरीवाल सुबह देहरादून आकर शाम तक दिल्ली लौट जाएंगे। इस दौरान वो देहरादून में मुख्य तौर पर कार्यकर्ताओं को ही संबोधित करेंगे। उत्तराखंड में आप के विधानसभा चुनाव लडने की घोषणा के बाद यह केजरीवाल का यह पहला उत्तराखंड दौरा होगा।इसे लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह बना हुआ है। केजरीवाल कार्यकर्ताओं में जोश भरने की पूरी कोशिश करेंगे। चूंकि, उत्तराखंड में अगले साल विधानसभा चुनाव भी हैं, ऐसे में पार्टी पूरी फिल्डिंग के साथ मैदान में उतरने की कोशिश करेगी। पार्टी सूत्रों की मानें तो आप के उम्मीदवार भाजपा और कांग्रेस वोट बैंक में सेंध लगाने की पूरी कोशिश करेंगे। इसके बाद पार्टी द्वारा जारी उनके कार्यक्रम के मुताबिक वो रविवार सुबह जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उतरने के बाद, सीधे राजपुर रोड स्थित होटल में पत्रकारों से मुखातिब होंगे। इस दौरान उनकी पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात होनी है, जिसमें चुनावी रणनीति पर विचार किया जाना है। कुछ अहम लोग भी इस बीच पार्टी का दामन थाम सकते हैं। कार्यक्रम के बाद शाम को ही केजरीवाल वापस दिल्ली लौट जाएंगे।आप की चुनावी घोषणा के बाद केजरीवाल का यह पहला उत्तराखंड दौरा है इसके लिए आप कार्यकर्ताओं में खासा जोश बना हुआ है। आप नेता रविंद्र जुगरान ने ऊर्जा मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत की घोषणा पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में 100 यूनिट बिजली फ्री देने के बयान पर 24 घंटे में ही सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट कर दिया कि अभी इस पर कोई प्रस्ताव नहीं आया है। इससे साफ है कि सरकार के पास फ्री बिजली का कोई ठोस प्रस्ताव नहीं है, सिर्फ चुनाव जीतने के लिए बयानबाजी की जा रही है।फ्री बिजली का मुद्दा उठाया: इस बीच अरविंद केजरीवाल ने अपने ट्वीट से राज्य वासियों को निशुल्क बिजली दिए जाने की मांग को फिर उठाया है। इससे संकेत लग रहे हैं कि वो रविवार को इस बारे में बड़ी घोषणा कर सकते हैं। केजरीवाल ने बयान जारी कर रहा है कि उत्तराखंड खुद बिजली बना कर दूसरे राज्यों को बेचता है। फिर उत्तराखंड के लोगों को इतनी महँगी बिजली दी जा रही है। जबकि दिल्ली अपनी बिजली भी नहीं बनाता, दिल्ली इसके लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर है। फिर भी दिल्ली में बिजली फ्री दी जा रही है। तो क्या उत्तराखंड के लोगों को फ्री बिजली नहीं मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि पार्टी ने इसी मुद्दे पर शनिवार को सीएम आवास घेराव किया है। इससे साफ है कि फ्री बिजली का मुद्दा आप का प्रमुख चुनावी हथियार होगा।

# महंगाई व बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस ने किया सीएम आवास कूच

देहरादून। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष प्रीतम सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य सरकार के कुशासन, कमरतोड़ महंगाई, चरम पर पहुंची बेरोजगारी से त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। परेशान जनता को इस जन विरोधी सरकार से मुक्ति दिलाने के लिए अब कांग्रेस ने कमर कस ली है। अब राज्य में राजनीतिक परिवर्तन के लिए आज कांग्रेस सड़कों पर उतरकर इस सरकार की विदाई के लिए निर्णायक संघर्ष छेड़ा है। यह बात उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने विरोध रैली से पहले कांग्रेस भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव की अगुआई में कांग्रेस कार्यकर्ता एक बजे से कांग्रेस मुख्यालय से मुख्यमंत्री आवास कूच किया। कहा



कि कांग्रेस को इस कोविडकाल में मजबूरी में यह कठोर निर्णय इसलिए लेना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकार की विनाशकारी नीतियों के कारण आज एक आम नागरिक महंगाई की मार से परेशान है। सरकार इतनी क्रूर व निर्मम हो गयी है कि कोरोना से पीडिघ्त जनता को राहत देती उल्टा, पेट्रोल– डीजल के दामों में तो आग लगाई ही खाने के सरसों के तेल के भाव जो 80 रुपये किलो मिलता था कांग्रेस के जमाने में उसका भाव दो सौ पार चला गया। आज पेट्रोल 100 रुपये पार हो गया है। मोदी ने रसोई पर तो जैसे सर्जिकल स्ट्राइक कर गैस की कीमतों से महिलाओं पर सीधा हमला कर दिया।कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि उत्तरखंड की जनता जिसने 57 विधायकों का प्रचंड बहुमत मोदी के कहने पे दिया, उस जनता के जनादेश के लगातार अपमान किया। दो मुख्यमंत्री बदल कर और पिछले साढे चार सालों में राज्य में बेरोजगारी दर छह गुणा बढ़ा दी, महंगाई दर राज्य में राष्ट्रीय महंगाई दर से भी ऊपर पहुंचा दी। धस्माना ने कहा कि राज्य में हर वर्ग चाहे वो किसान हो या कर्मचारी, मजदूर हो या बेरोजगार नौजवान, महिला हो या विद्यार्थि सभी इस सरकार से अब छुटकारा पाना चाहते हैं और इसके लिए जनता की उम्मीदें अब कांग्रेस पर टिकी हैं। प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस आज के बाद लगातार अपने आंदोलन को अलग अलग तरीके से जारी रखेगी। जब तक इस जनविरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ कर फेंक नहीं देती। इस दौरान भारी संख्या में युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई के कार्यकर्ता भारी संख्या में उमड़े।

# संक्षिप्त समाचार

## ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का ट्रायल हुआ सफल

रुडकी। रुड़की सिविल अस्पताल में ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का शनिवार को ट्रायल किया गया। सिविल अस्पताल के सीएमएस ने बताया कि ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का ट्रायल सफल रहा है। उन्होंने बताया कि प्लांट को जल्द शुरू कर दिया जाएगा। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौर में सिविल अस्पताल में कोविड वार्ड बनाया गया था। लेकिन इस दौरान मरीजों को ऑक्सीजन की कमी की समस्या से दो चार होना पड़ा था। अस्पताल प्रबंधन ऑक्सीजन सिलेंडर से किसी तरह व्यवस्था बनाता था। कोरोना की दूसरी लहर में मरीज लगातार आते रहे। एक बार अंतिम समय पर ऑक्सीजन की आपूर्ति हो पायी। उस समय ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट की जरूरत महसूस हुई। उसके बाद इस दिशा में काम शुरू किया गया। लेकिन सिविल अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को अब ऑक्सीजन की समस्या को नहीं झेलना पड़ेगा। सिविल अस्पताल में 500 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का कार्य पूरा हो चुका है। शनिवार को ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का विशेषज्ञों ने ट्रायल किया। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. संजय कंसल ने बताया कि ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का ट्रायल पूरी तरह सफल रहा है। उन्होंने बताया कि प्लांट को संचालित करने के लिए पांच कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गयी है। सीएमएस ने बताया कि जल्द ही ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट शुरू कर दिया जाएगा।

## भारत विकास परिषद ने कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया

रुडकी। भारत विकास परिषद संपर्क शाखा मंगलौर रुड़की के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया गया। चावमंडी गोशाला सभा में भारत विकास परिषद संपर्क शाखा मंगलौर की ओर से कोरोना महामारी के चलते अपने व अपने परिवार की जान की परवाह किए बिना दिन रात कोरोना पीडिघ्त लोगों की सेवा में लगे कोरोना योद्धाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समर्पण संस्था के अध्यक्ष नरेश यादव व कविश मित्तल को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उसके बाद भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश के जीवन परिचय पर संस्था के सचिव व उत्तराखंड की प्रांतीय महिला प्रमुख मनीषा सिंघल ने प्रकाश डाला। समाज की निर्धन व रक्त अल्पता की कमी से लड़ रही महिलाओं को लोहे की कढ़ाई, गुड़, चना, सोयाबीन, बढिया व सैनेटरी नैपकिन आदि वितरित किए गए। इसके बाद संस्था द्वारा गोसेवा के लिए दलिया कड़ाही का भोग भी गोवंश को लगाया गया। इस अवसर पर हरिमोहन कपूर, प्रमोद गोयल, अजय अग्रवाल, राकेश गोयल, प्रवीण सब्बरवाल, विनोद अग्रवाल, कुश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, पंकज सिंघल, बुलचंद गोयल, रेनू गुप्ता, मनीषा अग्रवाल, उदय जैन, मनीष सिंघल, अंजू सिंगल, साक्षी त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे।

## फर्जी पार्षद बनकर ठेकेदार से कमीशन मांगी

रुडकी। अपने आपको पार्षद बताकर ठेकेदार से सड़क निर्माण के लिए निर्देश देने वाले व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ठेकेदार के अनुसार उक्त व्यक्ति अपने आपको पार्षद बताकर उन्हें धमका रहा था। कुछ पार्षद व ठेकेदार कोतवाली पहुंच गए। नगर निगम रुड़की के ठेकेदार मोहम्मद आलम और दिलशाद ने सिविल लाइंस कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह सड़क निर्माण का कार्य कर रहे थे। तभी वहां एक व्यक्ति आया उसने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। वहीं ठेकेदार का आरोप था कि उक्त व्यक्ति ने दस प्रतिशत कमीशन की भी मांग की। जब जानकारी जुटाई तो उक्त व्यक्ति पार्षद ही नहीं था। इसके बाद मामले की सूचना ठेकेदार द्वारा पुलिस को दी गयी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आई। कुछ पार्षद भी कोतवाली में जमा हो गए। इसके साथ ही ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष शोभित गौतम और अन्य पदाधिकारी भी कोतवाली पहुंचे और हिरासत में लिए व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर अमरचंद शर्मा का कहना है कि फिलहाल दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति का फोन कब्जे में लिया है। जिसमें कुछ तथ्य मौजूद है उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## दो दुकानों के शटर तोड़कर हजारों की नगदी और सामान चोरी

रुडकी। थाना क्षेत्र के इमलीखेड़ा में भगवानपुर बाईपास मार्ग पर सैनी चौक पर चोरों ने दो दुकानों के शटर तोड़कर हजारों की नगदी और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और घटना की जानकारी कर जांच शुरू कर दी है। ईमलीखेड़ा में भगवानपुर बाईपास मार्ग पर सैनी चौक पर बबलू कुमार का मेडिकल और अरुण सैनी की फुटवेयर की दुकान है। रोजाना की तरह दोनों अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। शुक्रवार की देर रात को चोरों ने दोनों दुकानों के शटर तोड़कर दुकानों के अंदर घुस गए। चोरों ने दुकानों से नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया है। शनिवार सुबह को शटर टूटने की सूचना दुकान स्वामियों को दी। दुकान स्वामियों ने दुकानों पर आकर देखा तो दुकानों के शटर टूटे पड़े हैं और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। अरुण सैनी ने बताया कि उनकी फुटवेयर की दुकान से करीब पांच हजार रुपये की नगदी और अन्य सामान चोरी कर लिया है। वहीं मेडिकल स्वामी बबलू कुमार ने बताया कि कुछ नगदी और अन्य सामान चोरी कर लिया है। जब कि घटनास्थल से कुछ दूरी पुलिस चौकी है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र राठी का कहना है कि घटना की जांच की जा रही। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# नर्सिंग होम चला रहे डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप

रुडकी। लक्सर के नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद किशोरी को सेप्टिक हो गया। परिजनों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया, पर इलाज के दौरान किशोरी की सेप्टिक से मौत हो गई। किशोरी के पिता ने डीएम, एसएसपी व सीएओ को पत्र भेजकर नर्सिंग होम चला रहे डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मई के महीने में नगर में वार्ड 5 के निवासी इस्तकार की बेटी शाहजहां (17) के पेट में तकलीफ हुई। परिजनों ने रुड़की के एक डॉक्टर को दिखाया तो उसने अल्ट्रासाउंड के बाद तत्काल ऑपरेशन की सलाह दी। पर कोरोना के कारण हरिद्वार, रुड़की के अस्पतालों में जगह नहीं मिली। इस पर उन्होंने उसे खड़ंजा के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। इस्तकार ने बताया कि अस्पताल संचालक ने 1.6 लाख रुपये लेकर ऑपरेशन करने के बाद शाहजहां को ठीक बताकर घर भेज दिया। पर तीन दिन बाद शाहजहां की फिर तबीयत खराब हो गई। परिजनों ने दोबारा नर्सिंग होम में दिखाया तो उसने कहीं बाहर ले जाने की सलाह दी। परिजन उसे देहरादून ले गए, जहा से उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। 3 जुलाई में परिजनों ने उसे पीजीआई में भर्ती कराया। इस्तकार के मुताबिक वहां के डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि ऑपरेशन में सावधानी न बरतने से उसे सेप्टिक हो गया है। इसके बाद डॉक्टरों ने इलाज भी किया पर अगले ही दिन शाहजहां की सेप्टिक से मौत हो गई। शव का सुपुर्दे खाक करने के बाद इस्तकार ने इसकी शिकायत डीएम, एसएसपी व सीएमओ से की है। उसने नर्सिंग होम के डॉक्टर पर ऑपरेशन में लापरवाही का आराप लाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उधर, नर्सिंग होम संचालक डॉ. शाह मौहम्मद अली का कहना है कि ऑपरेशन सफल रहा था। बाद में परिजनों की गलती से सेप्टिक हुआ है।

## कुणजेठी गाँव पहली बार यातायात से जोडने के कारण ग्रामीणों में भारी उत्साह

ऊखीमठ। कालीमठ घाटी का कुणजेठी गाँव पहली बार यातायात से जोडने के कारण ग्रामीणों में भारी उत्साह बना हुआ है, वही घाटी का ही ब्यूखी गाँव भी जल्द यातायात से जुडने जा रहा है। उसके बाद कालीमठ घाटी का स्यासू व चिलौण्ड गाँव यातायात से जुडना शेष रह जायेगा। ब्यूखी गाँव के पहली बार यातायात से जुडने से ग्रामीणों में भारी उत्साह व उमंग बनी हुई है। बता दे कि पी एम जी एस वाई के जग्गी बगवान मोटर मार्ग से लगभग 4 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से 7 : 5 किमी कुणजेठी ब्र ब्यूखी मोटर निर्माण का उद्घाटन 21 जनवरी को केदारनाथ विधायक मनोज रावत, पूर्व विधायक शैलारानी रावत व आशा नौटियाल की मौजूदगी में किया गया था। मोटर मार्ग का निर्माण कार्य लगभग दो किमी पूरा होने पर कालीमठ घाटी का कुणजेठी गाँव पहली बार यातायात से जुड़ गया है तथा मोटर का चार किमी शेष कार्य पूरा होने पर ब्यूखी गाँव भी यातायात से जुड़ जायेगा। दोनों गांवों के यातायात से जोडने के बाद जहाँ ग्रामीणों को आवागमन करने, भवनों के निर्माण में सहूलियत मिलेगी वही ब्यूखी सिद्धपीठ काली शिला का सफर भी मात्र तीन किमी रह जायेगा जिससे स्थानीय तीर्थाटन व्यवसाय में इजाफा होने के साथ होम स्टे योजना को भी लाभ मिलेगा। प्रधान कुणजेठी दिलवर सिंह रावत ने बताया कि मोटर मार्ग का निर्माण कार्य दो किमी पूरा होने पर कुणजेठी गाँव पहली बार यातायात से जुड गया है। इसी मोटर से खेती तोक व गाँव के मध्य मणणामाई तीर्थ के लिए भी लिंक मोटर मार्गो का निर्माण होना है! प्रधान ब्यूखी सुदर्शन राणा ने बताया कि मोटर मार्ग का निर्माण कार्य गतिमान है व शीघ्र ही ब्यूखी गाँव यातायात से जुड़ जायेगा। पूर्व प्रधान पुष्कर सिंह राणा ने बताया कि यदि ब्यूखी गाँव यातायात से जुड़ता है तो सिद्धपीठ काली शिला जाने वाले श्रद्धालुओं को कालीमठ-काली शिला सात किमी पैदल सफर करने के बजाय मात्र किमी दूरी तय करनी पड़ेगी जिससे क्षेत्र में तीर्थाटन व्यवसाय में इजाफा होने के साथ होम स्टे योजना को भी बढाघ्वा मिलेगा! वन पंचायत सरपंच ब्यूखी गब्बर सिंह असवाल ने बताया कि आजादी के बाद ब्यूखी गाँव पहली बार यातायात से जुडने जा रहा है इसके लिए वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों का सहयोग सराहनीय रहा है। पण्डित सचिदानंद सेमवाल ने बताया कि कुणजेठी गाँव के यातायात से जुडने से पूर्व ग्रामीणों को आवागमन करने में भारी परेशानियां उठानी पड़ती थी तथा निर्माणाधीन भवनों की लागत कई गुणा अधिक पहुंच जाती थी! महिला मंगल दल अध्यक्ष कुणजेठी मंजू देवी ने बताया कि सभी जनप्रतिनिधियों व कालीमठ घाटी के जनमानस को स्यासू व चिलौण्ड गांवों को भी यातायात से जोडने की सामूहिक पहल करनी होगी

## राष्ट्रीय मत्स्य दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन

रुडकी। राष्ट्रीय मत्स्य दिवस के अवसर पर कृषि उत्पादन मंडी परिसर में बने मत्स्य बाजार परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को मत्स्य एवं पशुपालन विभाग की मंत्री रेखा आर्य ने किसानों को मत्स्य के क्षेत्र में रोजगार के अवसर के बारे में बताया। साथ ही मत्स्य पालकों को उपकरण भी वितरित किए गए। शनिवार को राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस के अवसर पर स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी परिसर स्थित मत्स्य बाजार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभागीय मंत्री रेखा आर्य ने प्रतिभाग किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जब प्रदेश में भाजपा सरकार का गठन हुआ था उस समय मत्स्य पालकों की संख्या मात्र तीन हजार थी। जबकि आज उनकी संख्या 20 हजार से अधिक है। उन्होंने कहा कि मत्स्य के क्षेत्र में रोजगार के कई अवसर हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का जो वादा सरकार द्वारा



किया गया था उसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब एक वर्ग विशेष ही नहीं बल्कि विभिन्न समुदायों से जुड़े लोग मत्स्य पालन से जुड़कर रोजगार पा रहे हैं। आने वाले समय में और अधिक लोगों को मत्स्य विभाग से रोजगार उपलब्ध होगा। मंगलौर में बने आधुनिक बाजार से क्षेत्र के मदद से पलकों को लाभ मिलेगा पहले उन्हें मछली बेचने के लिए दूरदराज जाना पड़ता था लेकिन अब यही पर उन्हें बेहतर दामों में मछली बेचने के अवसर मिलेंगे। साथ ही उनको विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन के लिए तालाब बनाए जाते हैं इससे दो लाभ मिलते हैं एक रोजगार मिलता है दूसरा भूजल का स्तर बेहतर बना रहता है और जल संचय होता है। इस अवसर पर विभागीय मंत्री द्वारा मत्स्य पालकों को उपकरण भी उपलब्ध कराए। कार्यक्रम में मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, वैजयंती माला, नेपाल सिंह कश्यप, मत्स्य विभाग के निदेशक एचके पुरोहित, अमित कुमार निगम, रितेश मीणा, जयश्री, अल्पना हलदिया, अमित पैन्यूली, कपिल कुमार, राजपाल सिंह, संजय कुमार, ओमपाल सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुरानी गंगनहर से मिले मगरमच्छ के 12 बच्चे

रुडकी। धनौरी में काफी समय से पुरानी गंगनहर में मगरमच्छ देखे जा रहे थे। शनिवार को धनौरी में सुबह के समय सिंचाई विभाग की कालोनी के समीप मगरमच्छ के 12 बच्चे और 4 अंडे मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ के अंडे और बच्चों को रेस्क्यू कर चिड़ियापुर सेंटर भिजवा दिया। पुरानी गंगनहर में काफी संख्या में मगरमच्छ होने की आशंका के चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रुड़की रेंजर मयंक गर्ग का कहना है कि मगरमच्छ के 12 बच्चे और 4 अंडे पुरानी गंगनहर धनौरी से मिले हैं।

## मौसम: अगले 48 घंटों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड में रविवार और सोमवार को भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, पौड़ी आदि जिलों में 11 और 12 को जमकर बारिश हो सकती है। रविवार को देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कहीं कहीं गर्जन, आकाशीय बिजली के साथ तीव्र बौछार व भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। हरिद्वार, पौड़ी व चम्पावत में भी कहीं कहीं भारी बारिश की संभावना है। 12 को देहरादून, उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, नैनीताल, टिहरी, बागेश्वर व पिथौरागढ़ में कहीं कहीं गर्जन, आकाशीय बिजली के साथ तीव्र बौछार व भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। हरिद्वार व चम्पावत जिलों में भी कहीं कहीं भारी बारिश हो सकती है। 13 व 14 को पिथौरागढ़ व बागेश्वर जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, अगले दो दिन राज्य में भारी बारिश के लिहाज से संवेदनशील रह सकते हैं। इसलिए सम्बंधित जिलों को पर्याप्त सावधानी बरतने को कहा गया है।

## हाईकोर्ट ने सदन में पारस के चयन के खिलाफ दायर पासवान की याचिका खारिज की

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के सांसद चिराग पासवान की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने चाचा पशुपति पारस को सदन में पार्टी के नेता के रूप में मान्यता देने संबंधी लोकसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि सदन के आंतरिक विवादों का निर्णय अध्यक्ष (स्पीकर) के पास होता है।उल्लेखनीय है कि पारस ने बुधवार को कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली थी और चिराग ने इसका भी विरोध किया था।याचिका में कहा गया है कि लोकसभा में अपने नेता का बदलाव पार्टी का विशेषाधिकार है और कहा गया कि लोकसभा के महासचिव की कार्वाई सदन के नियमों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।याचिका को खारिज करते हुए, न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की पीठ ने कहा, सदन के आंतरिक विवादों को तय करने का अधिकार अध्यक्ष के पास है।न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने कहा, मुझे इस याचिका में कोई दम नजर नहीं आ रहा और यह बिना मेरिट की याचिका है।केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिका बुनियादी संवैधानिक मुद्दों के संदर्भ में अस्पष्ट है।यह देखते हुए कि छह निर्वाचित सदस्यों में से पांच याचिकाकर्ता के साथ नहीं हैं, उन्होंने तर्क दिया कि यह विवाद न्यायिक समीक्षा का विषय नहीं हो सकता। वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने प्रस्तुत किया कि पारस को लोकसभा में पार्टी के नेता के रूप में नामित करने और पासवान का नाम हटाने का निर्णय मनमाना और पार्टी के संविधान के विपरीत है। उन्होंने तर्क दिया कि निर्णय संसदीय बोर्ड को लेना है।दरअसल चिराग पासवान की ओर से कहा गया था कि पार्टी से निकाले जाने के कारण पशुपति पारस लोजपा के सदस्य नहीं हैं। चिराग ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के उस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी थी

## बेहतर पर्यावरणीय परिणामों के लिए भारत उठा रहा राजकोषीय नीतिगत कदम सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत में बेहतर पर्यावरणीय परिणाम प्राप्त करने के लिए राजकोषीय नीतिगत उपाय किए जा रहे हैं। तीसरी जी–20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स मीटिंग से पहले, टैक्स पॉलिसी और क्लाइमेट चेंज पर जी–20 हाई–लेवल टैक्स सिम्पोजियम में अपने संबोधन में, उन्होंने यह भी कहा कि भारत में रिन्यूएबल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए रियायती कर दरें लागू हैं।ट्वीट्स की एक सीरीज में वित्त मंत्रालय ने कहा कि मंत्री ने भारत के नए ऊर्जा मानचित्र, डिजिटल नवाचार और उभरते ईंधन, स्वच्छ ऊर्जा को सक्षम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, और ऊर्जा दक्षता और वनीकरण को बढ़ावा देने जैसे बेहतर पर्यावरणीय परिणामों



के लिए भारत की नवीन नीति मिश्रण को साझा किया।निर्मला सीतारमण ने जलवायु परिवर्तन से लडने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर भी जोर दिया और अनुकूलन के लिए ऊर्जा और प्रौद्योगिकियों के वैकल्पिक स्रोतों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। जी–20 के वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नरों की तीसरी बैठक नौ और 10 जुलाई को इतालवी जी–20 प्रेसीडेंसी के तहत निर्धारित है। फरवरी 2020 के बाद यह पहली इन–पर्सन फाइनेंस ट्रैक मीटिंग होगी।

## यूपी में ब्लॉक प्रमुख का मतदान शुरू, आज आएंगे परिणाम

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में ब्लाक प्रमुखों के चुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है। प्रदेश में 825 ब्लाक प्रमुखों पद के लिए होने वाले चुनाव में 349 का निर्विरोध निर्वाचन हो गया है। आज 11 से तीन बजे तक क्षेत्र पंचायत सदस्य 476 पदों के लिए मतदान शुरू है। तीन बजे के बाद से मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ होगी जो कि शाम पांच बजे तक चलेगी। इन 476 पदों के परिणाम आज ही घोषित हो जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया, मतदान एवं मतगणना को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पूरे प्रदेश के समस्त जनपदों में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को पर्यवेक्षक तैनात किए गये हैं। तैनात प्रेक्षकों को निर्देश दिया गया है कि जनपद में सारी व्यवस्था का निरीक्षण जरूर करें। उन्होंने बताया कि मतदान और मतगणना समाप्त होंने के उपरांत समस्त निर्वाचन सामग्री डबल लॉक में रखवाने के बाद ही मुख्यालय छोडने के निर्देश दिए गए हैं।मनोज कुमार ने बताया, 825 प्रमुखों क्षेत्र पंचायत पदों के लिए कुल 1778 नामांकन गुरुवार को किए गए थे। जांच में कमियां मिलने पर 68 नामांकन रद कर दिए गए। इसी बीच 187 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। नाम वापसी के बाद जिन 349 पदों पर एक ही प्रत्याशी रह गया, वहां संबंधित प्रत्याशी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। 476 क्षेत्र पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए 1,174 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। आज सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा।उधर, सीतापुर में महमूदाबाद में सात द्वार पार कर मतदान केंद्र तक पहुंच पाएंगे। चप्पे–चप्पे पर पुलिस तैनात है। ड्रोन से नजर रखी जा रही है। सीतापुर के कसमंडा ब्लक में नामांकन के दौरान हुए बवाल के बाद शनिवार को ब्लक प्रमुख के होने जा रहे चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है। शनिवार को मतदान से पूर्व कसमंडा ब्लक में पहुंचकर एसपी आरपी सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का पूरा जायजा लिया और मातहतों को हर गतिविधि पर नजर रखते हुए चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। चित्रकूट में ब्लक प्रमुख चुनाव को देखते हुए प्रशासन अलर्ट है। प्रशासन जगह–जगह बैरीकेटिंग कर शांति पूर्ण ढंग से चुनाव कराने की कवायद में जुटा है।गोंडा जिले के ब्लाक मुजेहना का कार्यकाल पूरा न होने के कारण वहां ब्लाक प्रमुखों का चुनाव नहीं कराया जा रहा है।

## स्वस्थ शरीर के लिए नियमित खेलना और व्यायाम करना आवश्यकः विस अध्यक्ष

### क्रिकेट खिलाडियों को दिए विवेकाधीन कोष से 70 हजार

ऋषिकेश। विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए नियमित खेलना और व्यायाम करना आवश्यक है। सरकार खिलाडियों को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने हाल ही श्यामपुर में हुई क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीम को 70 हजार रुपये के चेक भेंट किए।शनिवार को बैराज स्थित कैंप कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड में खेलों के क्षेत्र में युवा निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। खिलाडियों को हर प्रकार से सरकार सहयोग कर रही है। वर्तमान समय में शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद भी अति आवश्यक है। स्वस्थ शरीर के लिए नियमित खेलना और व्यायाम करना आवश्यक है। वे स्वयं भी खिलाड़ी रहे हैं और खिलाडियों की भावनाओं को समझते हैं। युवा खिलाडी को जोश और टीम भावना के साथ आगे बढना चाहिए। कहा कि जब खिलाड़ी विजयी होता है तब उसकी साधना पूर्ण होती है और जब हारता है तब वह अगली जीत के लिए अनुभव प्राप्त करता है। उन्होंने हाल ही में श्यामपुर में हुई क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम एवं उप विजता टीम के खिलाडियों को अपने विवेकाधीन कोष से प्रोत्साहन राशि के रूप में 70 हजार रुपये के चेक भेंट किए। मौके पर आशीष रणाकोटी, शशांक बंदोला, शुभम रणाकोटी, सौरभ उनियाल, आशीष देशवाल, ऋषभ देशवाल, विवेक अग्रवाल आदि सहित अन्य खिलाड़ीगण उपस्थित थे।

## मलबा आने से कोटी-मिनस मोटर मार्ग आठ घंटे रहा बाधित



विकासनगर। जौनसार-बावर क्षेत्र के हरिपुर कोटी मिनस मोटर मार्ग पर 11 घंटे यातायात ठप रहा। शनिवार तड़के तीन बजे से सुबह 11 बजे तक मार्ग पर गाडियां फंसी रही। इससे स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों को भी दिक्कतें उठानी पड़ी। आठ घंटे तक मार्ग बंद रहने से लोगों में लोनिवि के खिलाफ रोष भी देखने को मिला। हरिपुर कोटी मोटर मार्ग पर धमोग मंदिर के समीप आए मलबे ने यातायात बाधित हुआ। इस दौरान जौनसार-बावर सहित हिमाचल प्रदेश की ओर से विकासनगर, देहरादून और सहारनपुर की मंडियों में नगदी फसलें लेकर जा रही गाडियां मार्ग पर फंस गई। इतना ही नहीं, सुबह होते-होते मार्ग के दोनों किनारों वाहनों की लंबी लाइन लग गई। घंटों तक लोग मार्ग के खुलने का इंतजार करते रहे। मार्ग पर फंसे किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें भी साफ दिखाई दी। सहारनपुर मंडी में टमाटर की फसल लेकर जा रहे संतराम और महेश ने बताया कि पूरी रात सफर करने के बावजूद, मार्ग बंद होने से वो समय पर मंडी नहीं पहुंच पायेंगे। जिससे उन्हें अपनी फसलों का उचित दाम नहीं मिल पायेगा। उधर, सुबह तेज धूप और गर्मी के बीच मार्ग पर फंसे राहगीरों में लोनिवि के खिलाफ रोष देखने को मिला। राहगीर विवेक, सुनील शर्मा, मोहित तोमर आदि ने बताया कि तड़के से ही मार्ग पर फंसे लोग फोन के माध्यम से लोनिवि के अधिकारियों और कर्मचारियों को मार्ग बंद होने की सूचना दे रहे थे।

## पर्यावरण का संरक्षण उत्तराखंड की संस्कृतिः सुबोध

ऋषिकेश। कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण उत्तराखंड की संस्कृति है। जीवन को बचाने के लिए लोगों को पौधरोपण के लिए जागरूक होना होगा। शनिवार को मनसा देवी स्थित स्मृति वन में हरेला के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सुबोध उनियाल व विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने पौधरोपण किया। कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि हरेला पर्व हमें प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ता है। पर्यावरण का संरक्षण उत्तराखंड की संस्कृति में रहा है। कहा कि जीवन बचाने के लिए पौधरोपण करना जरूरी है। विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने यदि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए सजग नहीं रहेंगे तो पृथ्वी पर जीवन का बचना बहुत मुश्किल हो जाएगा। सभी को शुभ कार्यो व अन्य यादगार दिनों पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने स्मृति वन में सोलर ऊर्जा प्रकाश स्तम्भ के लिये अपनी विधायक निधि से 2.5 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान सभी ने विस अध्यक्ष के पुत्र पीयूष अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई दी। मौके पर वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह रावत, पीयूष अग्रवाल, रेशव गर्ग, ऋषिकेश भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश सती, श्यामपुर



मंडल अध्यक्ष गणेश रावत, वीरभद्र मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी, पार्षद शिव कुमार गौतम, सुंदरी कंडवाल, राम बहादुर छेत्री, नरेंद्र रावत राजेंद्र पांडे, कमला नेगी, कविता शाह, समा पवार, अनीता तिवारी, पंकज गुप्ता, रमेश शर्मा, प्रदीप कोहली, चेतन शर्मा, रविंद्र कश्यप, विनोद जुगलान, लक्ष्मण सिंह चौहान, विजय शर्मा, देवेंद्र नेगी, रविंद्र राणा, रवी शर्मा, चेतन शर्मा आदि उपस्थित रहे।पुत्र के जन्मदिन पर विस अध्यक्ष ने बांटा राशनऋषिकेश। शनिवार को विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल भजनगढ़ स्थित कुष्ठ कॉलोनी पहुंचे। वहां उन्होंने अपने पुत्र पीयूष अग्रवाल के जन्मदिन पर कुष्ठ रोगियों को राशन, मास्क व सेनेटाइजर वितरित किया। कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है।

## सोनाक्षी सिन्हा के हाथ लगी संजय लीला भंसाली की फिल्म, श्हीरा मंडी में निभाएंगी सबसे अलग किरदार




बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान के साथ दबंग फिल्म से की थी. इस फिल्म के बाद से सोनाक्षी ने अलग अलग तरह की फिल्मों में काम किया है. अब हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा के हाथ एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट लगा है. सोनाक्षी अब संजय लीला भंसाली के साथ काम करने जा रही हैं.डायरेक्टर संजय लीला भंसाली ने अपनी नई फिल्म के लिए सोनाक्षी सिन्हा को साइन किया है. ये कहना गलत नहीं होगा कि सोनाक्षी के करियर की ये सबसे अहम फिल्म साबित होगी.आपको बता दें कि संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म श्हीरा मंडीश में सोनाक्षी दिखाई देंगी. खबरों की मानें तो संजय ने अपनी इस फिल्म के लिए बॉलीवुड की दो अदाकाराओं को चुना है. सोनाक्षी सिन्हा से पहले मेकर्स हुमा कुरैशी को भी फिल्म के लिए साइन कर चुके हैं.इससे पहले सोनाक्षी सिन्हा ने श्राउडी राठौड़श में संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में काम किया था. लेकिन अब वह पहली बार संजय लीला भंसाली के साथ श्हीरा मंडीश में काम करने जा रही है. हालांकि मेकर्स ने अभी सोनाक्षी के कास्ट किए जाने का आधिकारिक ऐलान नहीं किया है.कैसा होगा सोनाक्षी का रोलखबरों की मानें तो इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा सेक्स वर्कर की भूमिका में दिखाई देंगे. रिपोर्ट्स की मानें तो सोनाक्षी ने इस अहम रोल के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है. एक्ट्रेस रोल में ढलने के लिए खुद पर काम कर रही हैं. इतना ही नहीं एक्ट्रेस के कथक तक सीखने की बात कही जा रही है. संजय लीला भंसाली की श्हीरा मंडीश एक मेगा बजट वेब सीरीज होगी.आपको बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म श्भुजरू द प्राइड ऑफ इंडियाश को लेकर सुर्खियों में हैं. इस फिल्म में सोनाक्षी के साथ अजय देवगन और संजय दत्त जैसे कई कलाकर नजर आएंगे. फिल्म की रिलीज का फैंस बड़ी बेताबी से इंतजार कर रहे हैं.वहीं. सोनाक्षी ने अब तक लुटेरा, दबंग सीरीज, आर राजकुमार, अकीरा, कलंक,मिशन मंगल, सन ऑफ सरदार जैसी अलग अलग तरफ की फिल्मों में काम करके नायाब एक्टिंग को पेश किया है.

# करण जौहर की फिल्म तख्त की शूटिंग अक्टूबर में शुरू करेंगी करीना



निर्माता करण जौहर ने अपनी मल्टीस्टार फिल्म तख्त का ऐलान तो बहुत पहले कर लिया था, लेकिन इस फिल्म की शूटिंग अब तक शुरू नहीं हो पाई है। फिल्म पिछले साल ही शुरू हो जाती, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से यह आगे नहीं बढ़ पाई। अब करीना कपूर खान ने भी तख्त की शूटिंग के लिए कमर कस ली है। वह जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करने वाली हैं।
रिपोर्ट के मुताबिक करीना इसी साल से तख्त की शूटिंग शुरू करने जा रही हैं। वह अक्टूबर के महीने से अपना शूट शुरू कर सकती हैं। दूसरी बार मां बनने के बाद करीना इसी फिल्म के सेट से काम पर वापसी करेंगी। हालांकि, अभी खुद उन्होंने इस बारे में नहीं बताया है। मां बनने से पहले करीना ने आमिर खान अभिनीत लाल सिंह चड्ढा का काम निपटाया था। आजकल वह अपनी फिटनेस पर ध्यान दे रही हैं।
पहले खबर थी कि दूसरी बार मां बनने के बाद करीना निर्देशक हंसल मेहता की फिल्म से बॉलीवुड में वापसी कर सकती हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, हंसल के आगामी प्रोजेक्ट के साथ करीना वापसी कर सकती हैं। इस फिल्म की शूटिंग 2022 में शुरू करने की योजना है। प्रोजेक्ट को कम समय में जल्दी फिल्माने की तैयारी है। दरअसल, करीना एक मां के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के कारण फिल्म का लंबा शेड्यूल नहीं चाहती हैं। पिछले दिनों ट्विटर पर हैशटैग बॉयकॉट करीना खान ट्रेंड कर रहा था। ये सारा मुद्दा फिल्म सीता को लेकर था। सोशल मीडिया पर ज्यादातर लोगों ने बताया कि माता सीता के किरदार के लिए करीना उपयुक्त नहीं हैं। खबरें आई थीं कि इसके लिए करीना ने 12 करोड़ रुपये की मांग की है। इस पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की थी। उनका मानना था कि सीता मां के रोल के लिए 12 करोड़ रुपये की मांग मानवता के खिलाफ है। तख्त पहली फिल्म है, जिससे करण जौहर पीरियड ड्रामा जॉनर में कदम रख रहे हैं। फिल्म शाहजहां के दो बेटों दारा शिकोह और औरंगजेब की कहानी बताएगी। इसमें रणवीर सिंह, औरंगजेब के भाई दारा शिकोह का रोल करेंगे, जबकि विक्की कौशल मुगल शासक औरंगजेब की भूमिका में दिखाई देंगे। यह एक बहुत बड़े बजट फिल्म की फिल्म है। इस फिल्म में आलिया भट्ट, भूमि पेडनेकर, जाह्नवी कपूर और

## दीपिका पादुकोण ने शुरु की फिल्म पठान की शूटिंग



कोरोना के चलते लगे लॉकडाउन की पाबंदियों में मिली छूट के बाद कई फिल्मों की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हालात को काबू में देखते हुए मेकर्स अपनी फिल्मों की शूटिंग की योजना बना रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि दीपिका पादुकोण ने अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। दीपिका इस फिल्म में एक अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। शाहरुख फिल्म में लीड किरदार में नजर आएंगे।
रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका ने मुंबई में शाहरुख के साथ पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने दीपिका की तस्वीरें शेयर करते हुए यह जानकारी दी है, जो पठान के सेट पर मौजूद था। शनिवार को दीपिका को फिल्म के सेट से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया था। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शाहरुख और दीपिका को चेन्नई एक्सप्रेस और ओम शांति ओम जैसी फिल्मों में साथ देखा गया है।
एक सूत्र ने बताया, शाहरुख और जॉन अब्राहम के बाद अब दीपिका ने भी बहुप्रतीक्षित फिल्म पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। हमारी पीढ़ी के बड़े सुपरस्टार्स को महामारी के बावजूद शूटिंग शुरू करते हुए देखना वाकई में आश्चर्यजनक है। यह इंडस्ट्री को मजबूत और सकारात्मक संदेश देता है। जब पठान जैसी बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू होती है, तो इंडस्ट्री को नई स्फूर्ति मिलती है। दीपिका इस शेड्यूल के खत्म होने तक शूटिंग करेंगी।
बताया जा रहा है कि वह अगले 15–20 दिनों तक इस फिल्म की शूटिंग करेंगी। सूत्र ने बताया कि उन्हें फिल्म में दीपिका के रोल के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है। कहा जा रहा है कि दीपिका को एक अनोखे किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि फिल्म में दीपिका को एक खुफिया एजेंट के किरदार में देखा जाएगा। अभिनेत्री को फिल्म में भरपूर एक्शन अवतार में देखा जा सकता है।
फिल्म में जॉन को खलनायक की भूमिका में देखा जाएगा। शाहरुख और जॉन के बीच जबरदस्त फाइट सीन देखने को मिलेगा। डिंपल कपाडिया फिल्म में अहम भूमिका में दिखेंगी। वहीं, फिल्म में सलमान खान को कैमियो की भूमिका में देखा जाएगा।
फिल्म 83 में दीपिका क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी रोमा देव की भूमिका में नजर आएंगी। उनके पति रणवीर सिंह फिल्म में कपिल देव की भूमिका में दिखने वाले हैं। इसके अलावा दीपिका मधु मंटेना की फिल्म महाभारत में द्रौपदी की भूमिका में नजर आ सकती हैं। वह शकुन बत्रा की आगामी फिल्म में भी नजर आने वाली हैं। वह अमिताभ बच्चन के साथ द इंटर्न की हिन्दी रीमेक में भी अभिनय करती दिखेंगी।

## की शूटिंग आई नजदीक, वरुण धवन ने लंबे बालों को कहा गुडबाय



अभिनेता वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उनकी आने वाली फिल्म श्भेडियाश की शूटिंग खत्म होने वाली है, बस एक काम बचा हुआ है। वरुण ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की हैं, जिसमें वह शीशे के सामने लंबे बाल और दाढ़ी के साथ नजर आ रहे हैं।अभिनेता ने लिखा है, आखिरी दिन। अगले 24 घंटों में भेडियाश के कुछ आखिरी मुख्य श्यों को फिल्माया जाएगा। चूंकि हमें फिल्म से जुड़े किसी भी श्य की तस्वीर को जारी करने की इजाजत नहीं दी गई इसलिए यह आखिरी बार है जब मैं आईने के सामने आया और कुछ समय के लिए रुककर कहा कि मेरे निर्देशक ने मुझमें जो कुछ बदलाव किए हैं, उन्हें अलविदा कहने का समय आ गया है। यह एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें कृति सेनन, अभिषेक बनर्जी और दीपक डोबरियाल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 14 अप्रैल, 2022 में रिलीज होने वाली है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक वीना जोशी द्वारा देवभूमि प्रिन्टर्स, सरस मार्केट, हल्द्वानी, नैनीताल रोड, (नैनीताल) से मुद्रित एवं 12, बसन्त विहार छोटी मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड से प्रकाशित।
सम्पादक : वीना जोशी

सभी विवादों का निपटारा हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होगा। प्रकाशित समाचारों के लिए प्रेस उत्तरदायी नहीं है।